सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 श्रावण, 1947 (श०) / 25 जुलाई, 2025 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 137**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग .. .. .. | 40 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग .. .. .. | 70 |
| (3) | पर्यटन विभाग .. .. .. | 11 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग .. .. .. | 14 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग .. .. .. | 01 |
| (6) | विधि विभाग .. .. .. | 01 |
| | कुल योग -- | 137 |

जाँच की सुविधा बहाल करना

*410. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत लहलादपुर एवं एकमा प्रखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सीजेरियन डिलीवरी, अल्ट्रासाउण्ड और सभी प्रकार के जांच की सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में सीजेरियन डिलीवरी एवं अन्य अनुमान्य जांच की सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रेफरल अस्पताल बनाना

*411. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत बेलागंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज नेशनल हाईवे के किनारे है जिससे यहाँ मरीजों का अत्यधिक आना होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में मरीजों को डॉक्टर की कमी एवं सुविधा का घोर अभाव महसूस होता है, जिससे आम मरीज को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज को अपग्रेड कर सुविधायुक्त रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*412. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के लारणपुर ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2024 में ही मिल चुकी है तथा जनवरी, 2025 में संवेदक को कार्यादेश भी निर्गत किया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण स्थल पर संग्रह किए गए निर्माण सामग्री मानक के विपरित है तथा बालू मिट्टीयुक्त, सरिया लोकल, ईंट निम्न स्तर का तथा गिट्टी मरा हुआ उपयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना में प्रयोग में लिए जा रहे निर्माण सामग्री की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवासीय भवन का निर्माण

*413. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड मुख्यालय में स्थित रेफरल अस्पताल का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण मरीजों, चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मी को काफी कठिनाई होती है यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल का नया भवन बनाने के साथ ही चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी के लिये आवासीय भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कतबक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों को नियमित करना

*414. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा परीक्षा लेकर आयुष चिकित्सकों को (NHM) संविदा पर राज्य के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (APHC) में बहाल किया गया, जो 15 वर्षों से कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 में बिना परीक्षा लिये रोस्टर बनाकर आयुष चिकित्सकों की नियमित बहाली की गयी, परंतु 2010 से कार्यरत आयुष चिकित्सक संविदा पर ही कार्य कर रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संविदाकर्मी आयुष चिकित्सकों को नियमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों ?

--------

सौलर मेगा प्रोजेक्ट लगाना

*415. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की नीति प्रत्येक जिला में सोलर मेगा प्रोजेक्ट लगाने की है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अंतर्गत ग्राम-धनखड़ शिव मंदिर के नजदीक अवस्थित पचास एकड़ से अधिक सरकारी जमीन पर जनहित में सोलर मेगा प्रोजेक्ट लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजे की राशि देना

*416. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अशोक यादव, पिता-रामसीध यादव, ग्राम-टीकापुर, थाना-बहोरनपुर, प्रखंड-शाहपुर, जिला-भोजपुर के निवासी हैं, जिनकी लगभग दो वर्ष की पुत्री नैनी कुमारी की मृत्यु दिनांक 19 सितम्बर, 2024 को बाढ़ के समय साँप के काटने के कारण हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित को अभी तक कोई भी मुआवजे की राशि सरकार द्वारा नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित को मुआवजे की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*417. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल प्रखंड के चोरमा पंचायत के ग्राम-चोरमा से सिरहाँ पंचायत के ग्राम-कटास एवं सिरहाँ पंचायत भवन तक सिरहाँ मन स्थित है जिसमें सालों भर पानी भरा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिरहाँ मन को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शवगृह हेतु नये भवन का निर्माण

*418. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु जर्जर शवगृह है जो आँख अस्पताल के सामने है ;

(2) क्या यह बात सही है उक्त जर्जर शवगृह आँख अस्पताल के सामने होने के कारण आँख के इलाज कराने वाले मरीजों को काफी असुविधा होती है, साथ ही प्रशासनिक कार्य में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी सदर अस्पताल के कैंपस में ही अन्य स्थान पर शवगृह हेतु नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

हेल्थ वेलनेस सेंटर भवन निर्माण

*419. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव विधान सभा क्षेत्र में गोराडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम-गंगा करहरिया एवं सन्हौला प्रखंड अंतर्गत ग्राम-काझा में स्वास्थ्य उपकेंद्र का अपना भवन नहीं है, जिससे ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्रामों में बिहार सरकार की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों ग्रामों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक एवं नर्स की उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*420. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के प्रखण्ड इटाढ़ी के अन्तर्गत ग्राम-बढ़का गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होती है एवं चिकित्सक एवं नर्स भी समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं तथा आये दिन असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ की जाती है जिससे सुरक्षा व्यवस्था का संकट उत्पन्न होता रहता है तथा रोगियों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी का निर्माण कराने तथा चिकित्सक एवं नर्स की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षित चिकित्सकों को समायोजित करना

*421. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 40000 ग्रामीण प्रशिक्षित चिकित्सक हैं जो राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संगठन से प्रशिक्षण प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा तीन माह पूर्व यह निर्णय लिया गया है कि उक्त ग्रामीण प्रशिक्षित चिकित्सकों को समय-समय पर सरकारी कार्यक्रम में लगाया जायेगा और उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जायेगी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीण प्रशिक्षित चिकित्सक स्वास्थ्य विभाग में समायोजन की मांग 3 वर्षों से ऊपर से कर रहे हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण प्रशिक्षित चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग में समायोजित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*422. श्री निरंजन राय (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी0एम0एस0आई0सी0एल0 कार्यालय के निविदा सूचना सं0-BMSICL/Infra/18/2021, दिनांक 11 अगस्त, 2021 एवं एकरारनामा सं0-HWH.APHC/SBD/123/2021/22, दिनांक 17 जनवरी, 2022 के द्वारा मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट विधान सभा क्षेत्र के काटा, लदौर, लक्ष्मणपुर, लोमा, भडगाँव में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर तथा कवटासा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु निविदा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊपर वर्णित स्थल में से मात्र काटा, लदौर एवं कवटासा में ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है जबकि उक्त चयनित कुल छह स्थलों पर निर्माण कार्य नियमानुसार 15 माह में ही पूर्ण करना था किन्तु ससमय कार्य पूर्ण नहीं होने से आमजन को चिकित्सा में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राक्कलन/मानक के अनुरूप ससमय उक्त चयनित कुल छह स्थलों पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाले दोषी पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर का सौंदर्यीकरण

*423. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत पिपरा गांव में ऐतिहासिक अष्टभुजी मंदिर स्थापित है जहां प्रतिवर्ष नवरात्र में हजारों श्रद्धालु दर्शन पूजा करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त ऐतिहासिक मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं कोई महोत्सव नहीं होने से श्रद्धालुओं को आवासन, पूजा एवं मनोरंजन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने एवं महोत्सव कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण करना

*424. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के रतनीफरीदपुर के रसलपुर पंचायत के उतरा पट्टी में विगत 20-25 वर्षों से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन भवन के अभाव में निजी मकान में किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में चिकित्सक एवं कर्मियों को कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऑक्सीजन प्लांट लगाना

*425. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के सदर अस्पताल, बेगूसराय में ऑक्सीजन प्लांट 2022 से खराब होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खराब ऑक्सीजन प्लांट के बदले नया ऑक्सीजन प्लांट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*426. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत नगर पंचायत जानकीनगर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसपर नगर पंचायत सहित 13 पंचायत के हजारों की आबादी स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक उपचार हेतु निर्भर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि आबादी के अनुपात में उक्त अस्पताल में डॉक्टरों का पदस्थापन नहीं रहने तथा सुविधा का अभाव रहने के कारण स्थानीय मरीजों को प्राथमिक उपचार के लिये अन्यत्र जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जानकीनगर को अपग्रेड करते हुए आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तारों को बदलना

*427. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत प्रखंड बैसा के पंचायत नंदनिया, वार्ड नं0 5, ग्राम-केलाबाड़ी एवं पंचायत कनफलिया के पलसवाड़ी ग्राम में तारों की स्थिति बहुत ही जर्जर हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में तारों की स्थिति जर्जर होने के कारण तार हमेशा कटकर गिर जाता है और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उपरोक्त ग्रामों में जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--(1)(2) एवं (3) आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत प्रखंड बैसा के पंचायत नंदनिया, वार्ड नं0 5 के ग्राम-केलाबाड़ी एवं पंचायत कनफलिया के पलसवाड़ी ग्राम में सिंगल फेज एल0टी0 केबल से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है। उक्त ग्राम में सिंगल फेज एल0टी0 केबल को थ्री फेज एल0टी0 केबल से बदलने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य 15 अगस्त, 2025 है।

--------

कृषि कार्य हेतु निर्बाध विद्युत् आपूर्ति कराना

*428. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधान सभा में कृषि कार्य हेतु विद्युत् संबंधित कार्य वैष्णव कंपनी नामक एजेंसी को दिया गया था, जिसमें कंपनी द्वारा बिजली का पोल तो खड़ा किया गया है, परंतु विद्युत् सप्लाई हेतु वायरिंग एवं ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य संबंधित एजेंसी द्वारा पूर्ण नहीं किए जाने से कृषि कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फुलकाहा, मानिकपुर, पोसदाहा फरही, खाबदह कन्हैली एवं तामगंज सहित दर्जनों पंचायतों में कृषि कार्य हेतु विद्युत् सप्लाई वायर एल0 टी0 नहीं लगाए जाने से अथवा चोरी हो जाने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में कृषि कार्य हेतु निर्बाध विद्युत् सप्लाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉमा अस्पताल का निर्माण करना

*429. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के बरेट्टा के बाइपास रोड के फोरलेन के राधानगर के पास ट्रॉमा अस्पताल नहीं है जबकि राधानगर के पास एक एकड़ से अधिक सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राधानगर के पास स्थित सरकारी जमीन में ट्रॉमा अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति कराना

*430. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई डिविजन में बारसोई पावर ग्रिड, सालमारी में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डिविजन में बारसोई तथा आबादपुर में दो पावर सब स्टेशन है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सालमारी पावर ग्रिड से एक ही लाइन से बारसोई पावर सब-स्टेशन तथा आबादपुर पावर सब स्टेशन तक विद्युत् आपूर्ति की जाती है, जिससे सालमारी-बारसोई के लाइन खराब होने से आबादपुर पावर सब-स्टेशन तक विद्युत् आपूर्ति में पूर्ण बाधा पहुँचती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सालमारी पावर ग्रीड से दो अलग-अलग लाइन से बारसोई तथा आबादपुर पावर सब-स्टेशन तक विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एम0आर0आई0 और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराना

*431. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ और नरहट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम0आर0आई0 और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने से वहाँ इलाज कराने आने वाले गरीब मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हिसुआ और नरहट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम0आर0आई0 और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा संपुष्टि एवं एम0ए0सी0पी0 का लाभ

*432. डॉ0 सी0एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या 239(6), दिनांक 15 मई, 2015 के आलोक में परिचारिका श्रेणी ए के पद पर श्रीमती कल्पना कुमारी, श्रीमती डैजी रानी एवं श्रीमती सर्विला सहित अन्य की नियुक्ति की गयी थी किन्तु 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के उपरांत भी इनकी सेवा संपुष्ट नहीं हो पायी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन परिचारिकाओं को 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर एम0ए0सी0पी0 अनुमान्य हो गया है परंतु इनकी सेवा संपुष्ट नहीं होने के कारण प्रथम एम0ए0सी0पी0 का लाभ मिलने में व्यावहारिक कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी परिचारिकाओं का सेवा संपुष्ट कराते हुए प्रथम एम0ए0सी0पी0 का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि देना

*433. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड स्थित पंचायत बड़ी टैंगरैला, ग्राम-बड़ी टैंगरैला के दयानंद रविदास, पिता-स्वर्गीय मोतीलाल रविदास की मृत्यु दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 को गाँव के आहर में डूब जाने से प्रखंड नौबतपुर, पंचायत-नवही, ग्राम-महम्मदपुर के लक्ष्मण कुमार, पिता-श्री श्याम बिहारी महतो की मृत्यु दिनांक 26 अगस्त, 2024 को गाँव के आहर में डूब जाने से एवं जिला-जहानाबाद, पंचायत-सरिस्ताबाद, ग्राम-लक्षण बिगहा के प्रिंस कुमार, पिता-नागेन्द्र चौधरी की मृत्यु दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को पुनपुन नदी में डूबने से हो गया है, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपलब्ध कराना

*434. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा बिहार के बिजली उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने हेतु 1,72,08,939 मीटर स्वीकृत किये गये थे जिनमें से 70,64,367 स्मार्ट प्रीपेड मीटर बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के यहाँ अभी तक लगाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 70,64,367 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये गये हैं परंतु बिजली कंपनी के स्टोर में विगत तीन माह से स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपलब्ध नहीं रहने के कारण त्रुटिपूर्ण मीटर के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक स्मार्ट प्रीपेड मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक। बिहार राज्य द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने हेतु 1.715 करोड़ स्मार्ट मीटर स्वीकृत किये गए थे जिनमें से अबतक लगभग 72 लाख उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट प्रीपेड मीटर का अधिष्ठापन किया जा चुका है।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक। ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की पर्याप्त उपलब्धता है। शहरी क्षेत्रों में कतिपय जगहों पर मीटर की उपलब्धता में कुछ कमी थी जिसे अब संबंधित एजेंसी द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। स्मार्ट मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वितरण कंपनी द्वारा शीर्ष स्तर पर लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है।

(3) उपर्युक्त खंड में वर्णित है।

--------

अतिरिक्त ट्रांसफारमर पोल एवं तार लगवाना

*435. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सैदपुर प्रखंड के सिरखिरिया पंचायत के ग्राम नेउरी वार्ड संख्या 17 में प्रेमनगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 में तथा महेसाफरकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में कुण्डी टोला में पोल तार की कमी के साथ लो वोल्टेज समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पंचायतों में अतिरिक्त ट्रांसफारमर पोल एवं तार लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आयुर्वेद विभाग खोलना

*436. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि देश के सभी एम्स (AIIMS) में आयुर्वेद विभाग में आयुर्वेदिक इलाज होता है, परंतु राम-जानकी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित बिहार राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेज में आयुर्वेदिक इलाज नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बिहार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज में आयुर्वेदिक इलाज कराने हेतु आयुर्वेद विभाग कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संसाधन मुहैया कराना

*437. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जनता से जुड़ी बिजली की समस्याओं का समाधान करने वाले कर्मी लाइनमैन की सेवा आउटसोर्सिंग से ली जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लाइनमैन को विभाग की ओर से बिजली संचरण की समस्याओं को दूर करने के लिये अपेक्षित साधन जैसे-ग्लब्स, रबर बूट आदि एवं अन्य उपकरण मुहैया कराये बिना कार्य लिया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि लाइनमैन के जोखिम भरे कार्यों में दुर्घटनावश असामयिक मृत्यु होने पर मात्र 04 लाख रुपये का ही मुआवजा दिया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाइनमैन की सेवा स्थायी करने, आवश्यक संसाधन मुहैया कराने और दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा की राशि देना

*438. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 23 सितम्बर, 2023 को 11000 वोल्ट के तार से झटका लगने के कारण साईस्ता, पिता-ग्यास हाफिज, साकिन-मजकूरी, थाना-अररिया आर०एस०, जिला-अररिया का देहान्त हो गया था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित को अबतक मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पद सृजन एवं नियुक्ति

*439. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के पारा मेडिकल कॉलेज में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स जैसे Diploma in Orthopedic and Plaster Technology, Medical Radiology Technology, Orthoptics, Anaesthesia Technology, Blood Transfusion Technology, Hospital Domiciliary Care Assistant, Prosthetic and Orthotic, Dental Mechanic कोर्स एवं तीन वर्षीय Diploma in Physiotherapy, Occupational Therapy संचालित किये जा रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में उक्त कोर्स करने वाले छात्रों को नौकरी हेतु अस्पतालों में कोर्स से संबंधित पद सृजित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कोर्स से जुड़े पद सृजित कर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*440. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के ग्राम पंचायत वीरनगर पश्चिम के वार्ड नं०-14 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नूरचक के पास विगत तीन साल से ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिये दो पोल अधिष्ठापित है किन्तु अबतक उसपर ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है जिससे उक्त वार्ड में हमेशा कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उल्लिखित स्थल पर पर्याप्त क्षमता का एक ट्रांसफॉर्मर लगाकर स्थानीय लोगों को बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योगदान कराना

*441. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि० के विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, आरा के द्वारा अल्प वेतनभोगी लाइन मैन श्री शत्रुधन प्रसाद कुशवाहा को बिना कार्यमुक्त-पत्र निर्गत किये सेवा से वर्ष 2021 ई० में हटा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कर्मी की शिकायत पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कोईलवर, आरा द्वारा विद्युत् आपूर्ति प्रशाखा, गीधा के कनीय अभियंता एवं मेसर्स जगत कंसलटेंट, शिवगंज, आरा को जांच में दोषी ठहराये जाने के बावजूद उक्त लाइनमैन को बकाये वेतन के साथ योगदान नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाइनमैन श्री शत्रुधन प्रसाद कुशवाहा को भूतलक्षी प्रभाव से बकाये वेतन के साथ सेवा में योगदान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण

*442. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के ग्राम पंचायत शिवन अन्तर्गत ग्राम-धनेज में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं है, एक यूनानी औषधालय है जो जर्जर है जिसके कारण इमरजेंसी में इलाज कराने के लिये ग्रामीणों को काफी दूरी तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को जान का खतरा बना रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम पंचायत शिवन में सरकारी जमीन जिसका खाता संख्या 248, 249, प्लॉट नंबर-1485, रकबा-19 डिसमिल उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम पंचायत शिवन के खाता संख्या 248, 249, प्लॉट नंबर-1485, रकबा-19 में नया स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गृह क्षति मुआवजा देना

*443. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माह जून, 2025 में संपूर्ण मधेपुरा जिला में आई भारी वर्षा एवं चक्रवाती तूफान के कारण हजारों कच्चा एवं पक्का मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, परंतु अभीतक प्रभावितों को गृह क्षति मुआवजा नहीं मिला है जबकि क्षतिग्रस्त हुये मकानों का सर्वेक्षण भी हो गया है, है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रभावितों को गृहक्षति मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नया पावर सब-स्टेशन स्थापित करना

*444. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत 27 पंचायत है तथा यहां मात्र 2 पावर सब-स्टेशन कार्यरत है तथा उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने एवं कृषि कार्य में भी बिजली उपभोक्ता की संख्या अधिक होने से लो वोल्टेज विद्युत् आपूर्ति सहित अन्य कठिनाई होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त समस्या के निदान कबतक परिहार प्रखंड के नरंगा एवं बेला मच्छप कौनी ग्राम में नया पावर सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, ती क्यों ?

-------------

ग्रीड स्थापित करना

*445. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी एवं नारायणपुर ग्रीड से नासरीगंज, राजपुर, नोखा, संझौली, गोड़ारी, बिक्रमगंज एवं सकला में विद्युत् की सप्लाई होती है एवं दोनों 40 कि०मी० की दूरी पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नारायणपुर ग्रीड से संझौली, नोखा, गोड़ारी, बिक्रमगंज एवं सकला क्षेत्रों में विद्युत् आपूर्ति होती है एवं आये दिन विद्युत् आपूर्ति बाधित एवं विद्युत् आपूर्ति की जटिल समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे विद्युत् उपभोक्ता परेशान हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्रों के विद्युत् उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुये गोड़ारी या सकला में नये ग्रीड स्थापित कर निर्बाध विद्युत् आपूर्ति बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रेफरल अस्पताल चालू कराना

*446. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल, मनीगाछी, जाले प्रखंड स्थित जाले रेफरल अस्पताल, मधुबनी जिलान्तर्गत फूलपरास स्थित रेफरल अस्पताल, वैशाली जिलान्तर्गत लालगंज स्थित रेफरल अस्पताल एवं जहानाबाद जिलान्तर्गत, घोसी प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल घोसी सहित राज्य में स्थित सभी रेफरल अस्पताल कई माह पूर्व सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है, जिसके कारण रेफरल अस्पताल में लाखों गरीब मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिलों सहित पूरे राज्य के अन्य जिलों में स्थित रेफरल अस्पताल को चालू कराने के साथ ही चिकित्सक एवं कर्मी की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*447. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शांति कला केन्द्र, पटना के सुफी महोत्सव मनेर शरीफ-2025 में जिला प्रशासन, पटना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया है किन्तु उक्त कार्यक्रम का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार भुगतान मे विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये कबतक भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*448. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में परिवार नियोजन के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग मुख्य रूप से 4 सेवाओं पर जोर दे रहा है, जिसमें बंध्याकरण, प्रसव उपरांत कॉपरटी, अंतरासूई, FPMLIS शामिल है, परन्तु राज्य में वर्ष 2024-25 के दौरान बंध्याकरण में 44 प्रतिशत, कॉपरटी में 22 प्रतिशत अंतरासूई लगाने में 8 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्त किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में परिवार नियोजन के इस कार्यक्रमों का लक्ष्य 50 प्रतिशत भी हासिल नहीं करने के कारण बिहार का जन्म दर देश में सर्वाधिक 25.6 प्रतिशत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार में जन्म दर को घटाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

-------------

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण

*449. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के ढोलबज्जा पंचायत के वार्ड सं० 12 नवटोलिया महादलित बस्ती जो NH 57 के दूसरी ओर कई पंचायत को जोड़ता है, में अबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*450. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ, कैमूर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़ के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, देवहलियाँ में डाक्टर के दोनों के दोनों पद रिक्त है, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नुआंव में डॉक्टर के 02 पद रिक्त है, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, दुमदुमा में डॉक्टर के 02 पर रिक्त है एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, धनेछा में डॉक्टर के 02 पर रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, देवहलियाँ का माननीय मुख्यमंत्री बिहार द्वारा वर्ष 2024 में उद्घाटन किया गया था, पर डॉक्टर के अभाव में स्वास्थ्य केन्द्र में ताला लगा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित स्थानों पर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का उपचार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी की व्यवस्था करना

*451. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजा पाकर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में सहदेई प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पोहियार स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन और चहारदीवारी बनने के बावजूद जल-निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से जल-जमाव के कारण वहां इलाज कराने के लिये आनेवाले मरीजों और स्वास्थ्य

कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, भवन में जल निकासी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् पोल, तार की व्यवस्था

*452. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-06 नौतन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के नौतन पश्चिमी पंचायत के भेडिहरवा वार्ड नम्बर 1 में दर्जनों विद्युत् उपभोक्ता बांस पर एल०टी० तार तानकर बिजली जला रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात होने पर बांस पर टंगा तार टूट जाता है जिसके कारण जमीन पर विद्युत् प्रवाह होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित विद्युत् उपभोक्ताओं के घरों तक विद्युत् पोल, तार की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) आंशिक स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के नौतन पश्चिमी पंचायत के भेड़िहरवा वार्ड नं० 1 नई बस्ती है। पोल-तार लगाने हेतु वी०टी०एल० कंपनी द्वारा सर्वे का कार्य कर लिया गया है। पोल तार लगाने का लक्ष्य अक्टूबर, 2025 है।

------------

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण

*453. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा, सुपौल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड का बौराहा पंचायत का ग्राम-बौराहा कोशी नदी के दोनों तटबंधों के बीच अवस्थित है जहां स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के देखभाल के लिये कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-बौराहा में एक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*454. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित दिनांक 13 अप्रील, 2025 शीर्षक "तीन हजार से अधिक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को तीन साल से फंड नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रदेश में तीन हजार से अधिक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर को तीन वर्ष से फण्ड नहीं मिल रहा है, राज्य में सिर्फ 2160 कम्युनिटी हेल्थ अफसर काम कर रहे हैं एवं 10, 101 सेन्टर में सिर्फ 8639 सेन्टर पर ही जन आरोग्य समिति गठित है जबकि समिति गठित करने हेतु 31 जुलाई 2022 अंतिम तारीख तय की गयी थी, यदि हाँ, तो सरकार इस कठिनाई को दूर करने के लिये कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

हाई टेंशन तार स्थानांतरित करना

*455. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड के ग्राम पंचायत राज लगुनाहा

चौतरवा के ग्राम-बड़का लगुनाहा के काली माई स्थान के पीछे घनी आबादी के बिल्कुल ऊपर से 11 हजार वोल्टेज का हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है, जिसके कारण विगत दो-तीन वर्षों में दो बार आग लगने से कुछ घर और मवेशी जल गये थे, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हाई टेंशन तार को जनहित में घनी आबादी से स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्रॉमा सेंटर बनाना

*456. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर एन०एच०-319 पर स्थित है जहां हमेशा एक्सीडेंटल मरीज आते रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर में ट्रॉमा सेंटर नहीं होने के कारण मरीजों को सदर अस्पताल, आरा ले जाने के क्रम में अक्सर मृत्यु हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर में ट्रॉमा सेंटर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

हाई टेंशन तार को इन्सुलेटेड करना

*457. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कई शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी और बहुमंजिला भवनों के निर्माण के कारण हाई टेंशन तार (एच०टी० लाइन) अब आबादी के काफी निकट और ऊपर से गुजर रहा है, जिससे आये दिन दुर्घटना हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हाई टेंशन तारों को इन्सुलेटेड केबल (कभर्ड कंडक्टर) में बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पूणियाँ जिला अन्तर्गत शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में विद्युत् संरचना के निकट बहुमंजिला भवन का निर्माण कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त हाई टेंशन तारों को इन्सुलेटर केबल (कभर्ड कंडक्टर) में बदलने हेतु कोई योजना क्रियान्वित नहीं है।

Bihar State Electricity Board के Finance Code के Chapter-08, Section-II, Para-E के तहत बहुमंजिला भवन के निकट से गुजर रहे हाई टेंशन तार (एच०टी० लाइन) को आवेदक के अनुरोध पर जमा योजना के तहत स्थानांतरित अथवा इन्सुलेटर केबल (कभर्ड कंडक्टर) में बदले जाने का प्रावधान है ।

------------

चहारदीवारी निर्माण करना

*458. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार सदर प्रखंड के हफलागंज स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-सह-हेल्थ वेलनेस सेन्टर का पक्का चहारदीवारी नहीं होने के कारण खाली जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, जिससे चिकित्सीय कार्य करने में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में पक्का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल का नाम बदलना

*459. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम वर्ष 2018 से पूर्व महारानी जानकी कुंवर अस्पताल था ;

(2) क्या यह बात सही है कि गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की जमीन महारानी जानकी कुंवर द्वारा दान में दी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार को तीन कट्ठे से अधिक जमीन दान में देने पर संबंधित भवन का नामकरण भू-दाता के नाम से करवाया जा सकता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम महारानी जानकी कुंवर कॉलेज एवं अस्पताल रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा की राशि देना

*460. श्री शिव प्रकाश रंजन (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड चरपोखरी के पंचायत ठकुरी के ग्राम-कनई/मदरहा में दिनांक 19 अप्रील, 2024 को लगभग 50 किसानों का गेहूँ की फसल जल के राख हो गई थी एवं प्रखंड गड़हनी के ग्राम-काठप के चंदेश्वर चौधरी का दिनांक 07 नवम्बर, 2024 को लगभग 1000 धान का बोझा जल कर खाक हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवेदन देने के पश्चात भी किसानों को अभीतक अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त किसानों को मुआवजा की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र निर्माण कराना

*461. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के धपरसिया, धनगामा सहित आठ ग्राम पंचायतों के विद्युत् उपभोक्ताओं को विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र, सोनैली से विद्युत् की आपूर्ति की जाती है, जबकि उक्त विद्युत् शक्ति उप-केन्द्रों में काफी उपभोक्ता होने के कारण उक्त ग्राम पंचायत के उपभोक्ताओं को नियमित रूप से विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम पंचायत के विद्युत् उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति हेतु चौकी में विद्युत् शक्ति उप-केंद्र स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

वेलनेस सेंटर भवन निर्माण करना

*462. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड फुलवारीशरीफ के सिमरा परसा बाजार में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर स्थापित हैं, जिसका भवन जर्जर हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के भवन को नये सिरे से बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सा कर्मियों की पदस्थापना करना

*463. श्री रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत कसमर पंचायत के छितरचक गंगा पार स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर अवस्था में है साथ ही चिकित्सक

एवं चिकित्सा कर्मियों की तैनाती नहीं रहने के कारण आमलोगों को चिकित्सीय लाभों से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कराकर चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गेस्ट हाउस निर्माण के संबंध में

*464. डॉ० संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता प्रखंड, अनुवानी गंगा घाट के पास गेस्ट हाउस और सीढ़ी घाट निर्माण के लिए जिला पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 01, दिनांक 23 जनवरी, 2024 द्वारा महाप्रबंधक बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को गेस्ट हाउस निर्माण हेतु भूमि का विवरण दिया गया था, जिसके आलोक में महाप्रबंधक बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा टीम गठन कर उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया तथा विभागीय पत्रांक 2463, दिनांक 28 नवम्बर, 2024 के द्वारा जिला पदाधिकारी, खगड़िया से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सूचित करने का अनुरोध किया गया है, किन्तु 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अबतक कोई कारवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिए दोषी पर कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सोलर प्लेट लगाना

*465. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत अपसढ़ गाँव में 100 एकड़ क्षेत्रफल का एक विशाल तालाब स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तालाब बिहार सरकार के अधीन है तथा वृहत् पैमाने पर मत्स्य पालन होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में सरकार कबतक उक्त तालाब के ऊपर सोलर प्लेट लगाकर विद्युत् उत्पादन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) वांछित सूचना इस विभाग से संबंधित नहीं है।

(2) वांछित सूचना इस विभाग से संबंधित नहीं है।

(3) वर्तमान में वर्णित तालाब पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की प्रक्रिया नहीं चल रही है। चूँकि यह तालाब इस विभाग के अंतर्गत नहीं है परन्तु यदि भविष्य में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु ऐसा प्रस्ताव आता है तो संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् संभाव्यता अध्ययन कर उस आधार पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु आगे की कार्रवाई करने पर विचार किया जा सकता है।

-------------

अत्याधुनिक उपकरण अधिष्ठापन

*466. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के सदर अस्पताल, मोतिहारी में दांत एवं आँख के उच्चतर इलाज हेतु अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में अत्याधुनिक मशीन के अभाव में डॉक्टर रहने के बावजूद भी मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीज प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने को विवश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में दांत एवं आँख के उच्चतर इलाज हेतु अत्याधुनिक उपकरण अधिष्ठापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सेवा अवधि की गणना में संविदा अवधि को भी शामिल करना

*467. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आयुष चिकित्सक के रूप में 2500 से अधिक होम्योपैथी चिकित्सकों की नियुक्ति संविदा पर क्रमशः 2010 एवं 2015 में हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आयुष चिकित्सकों को संविदा पर काम करने के लिए नियमित नियुक्ति के समय पाँच नंबर का वेटेज दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त आयुष चिकित्सकों में से बहुत सारे चिकित्सकों की सेवा निवृत्ति आयु बहुत कम बच गई है, जिसके कारण वे सेवांत लाभ से वंचित हो जाएंगे ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार होम्योपैथी चिकित्सा पदाधिकारी की सेवा अवधि गणना में संविदा अवधि को भी शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नये भवन का निर्माण कराने के संबंध में

*468. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के नगर परिषद्, शेखपुरा के गिरिहिण्डा में लगभग 50 वर्ष पूर्व में श्रीकृष्ण महिला अस्पताल की स्थापना की गई थी जो जिले का एक मात्र महिला अस्पताल हैं, जो विगत जर्जर हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के जर्जर रहने के कारण गंभीर रोग से पीड़ित महिलायें एवं प्रसव कराने आये महिलाओं को पदस्थापित चिकित्सक एवं कर्मियों को इलाज करने के दौरान छत का टुकड़ा गिरते रहने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के नये भवन का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण

*469. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्तीपुर में भवन के अभाव में केवल राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित नहीं होने से गरीबों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिसका प्रतिकूल प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समस्तीपुर के भवन का निर्माण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर ग्रीड में कन्वर्ट करना

*470. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधान सभा क्षेत्र के सिंघवाड़ा प्रखंड अंतर्गत सनहपुर पावर हाउस से आये दिन अत्यधिक बिजली में कटौती करने के कारण स्थानीय लोगों का रोजगार ठप हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सनहपुर में गंगवाडा पावर ग्रीड की दूरी 30 कि०मी० से अधिक होने के कारण बिजली मे कटौती किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सनहपुर पावर हाउस को पावर ग्रीड में कन्वर्ट करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

डॉक्टर की नियुक्ति करना

*471. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखण्ड अंतर्गत खरीक में छः शैय्या वाला स्वास्थ्य केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र खरीक में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खरीक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

इन्जूरी रिपोर्ट थाना में उपलब्ध कराना

*472. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के परैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन माह पूर्व के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के समय श्री अशोक कुमार, ग्राम-सोलरा, थाना-परैया सहित किसी का भी इन्जूरी रिपोर्ट थाना में समर्पित नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा तीन माह पूर्व प्रभारी के समय का उक्त एवं अन्य इन्जूरी रिपोर्ट थाना को नहीं भेजा जा रहा है जिससे पीड़ित परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीन माह पूर्व के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यकाल को इन्जूरी रिपोर्ट थाना में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि बढ़ाना

*473. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अग्निकांड जैसे भीषण आपदा में आपदा ग्रस्त लोगों को दी जाने वाली राशि रु० 7,000 और रु० 12,000 बहुत कम है जिससे आपदा ग्रस्त परिवार की मूल प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी नहीं हो पाती है क्योंकि उनका सब कुछ नष्ट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार ऐसी विषम परिस्थिति में अग्निकांड पीड़ित की सहायता राशि कबतक बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*474. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से मधेपुरा जिला के जिला पैनल से 44 कार्यपालक सहायकों को जिला स्वास्थ्य समिति, मधेपुरा के कार्यालय में योगदान कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यपालक सहायकों द्वारा जनवरी, 2014 से जनवरी, 2022 तक कार्य कराया गया है एवं बिना कारण बताएं सभी कार्यपालक सहायकों को वर्ष 2022 में सेवा से मुक्त कर जिला स्थापना शाखा, मधेपुरा के जिला पैनल में वापस कर दिया गया, जिससे उक्त कार्यपालक सहायकों का पुनर्नियोजन अभीतक नहीं कराया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला अधिकारी, मधेपुरा को पुनर्नियोजन हेतु आवेदन समर्पित करने एवं कई बार मिलने के बावजूद अभीतक पुनर्नियोजन नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी कार्यपालक सहायकों का पुनर्नियोजन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निर्माण

*475. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा में बड़हरवा कला पश्चिमी, बड़हरवा कला पूर्वी एवं कररिया पंचायतों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर नहीं होने के कारण लाखों आबादी को स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं से स्थानीय स्तर पर वंचित रहना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित एवं विकासहित में बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायत अंतर्गत लक्ष्मनवा गाँव में सरकारी भूमि पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ओ०टी०एस० व्यवस्था लाना

*476. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान हेतु वर्ष 2014 एवं 2019 में वन टाइम सेटलमेंट प्रावधान के तहत लाभ दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के बिजली उपभोक्ताओं के विद्युत् संबंधित कानूनी मसलों का निष्पादन दूसरे जिला मुजफ्फरपुर कोर्ट द्वारा किया जाता है जिसकी दूरी 150 कि०मी० होने से विद्युत् उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में प०चंपारण जिले की विद्युत् समस्याओं का निष्पादन बेतिया कोर्ट में करने के साथ ही उपभोक्तओं की बिलिंग संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए ओ०टी०एस० व्यवस्था लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करना

*477. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के अनुमंडलीय अस्पताल, चकिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ एक भी चिकित्सक नहीं है, जिससे आमजनों को इलाज कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल, चकिया में उक्त विभागों के चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्पाईन रोग संबंधित यूनिट की स्थापना

*478. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पी०एम०सी०एच०, पटना में विभिन्न रोगों से संबंधित यूनिट के लिए अलग-अलग बेडों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच०, पटना में स्पाईन रोग संबंधित अलग यूनिट की कोई व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में पी०एम०सी०एच०, पटना में स्पाईन रोग संबंधित यूनिट की अलग से स्थापना कर उसके लिए भी बेडों को आरक्षित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का निर्माण कार्य

*479. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के देसरी पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, देसरी एवं खास टभका दक्षिण पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, खास टभका दक्षिण का भवन का निर्माण का कार्य 2021 में शुरू किया गया था जिसे वर्ष 2022 तक पूर्ण करना था, परन्तु, निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए, उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*480. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बैसी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी विधान सभा अन्तर्गत नदी, कनकई, महानंदा, पनार, परवान एवं दास, पाँच बड़ी नदियां बहती है, जिस कारण प्रतिवर्ष बाढ़ से हजारों परिवार प्रभावित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतिवर्ष बाढ़ में नदी कटाव से हजारों घर एवं लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि कटकर नदी में विलीन हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा मुआवजे के रूप में क्षतिपूर्ति राशि 4,000 (चार हजार रुपये) तथा कृषि भूमिक्षति पर कोई भी मुआवजा नहीं दिया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नया पावर ग्रीड सब-स्टेशन बनाना

*481. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखण्ड के जोकर पंचायत से लेकर चौलहर पंचायत तक हमेशा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी पंचायतों का पावर ग्रीड से अधिक दूरी रहने के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित क्षेत्र में नया पावर ग्रीड सब-स्टेशन बनाकर बिजली की समस्या से राहत दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीन स्थापित करना

*482. श्री मोहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचाधामन स्थित कोचाधामन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्स-रे एवं सी0टी0 स्कैन मशीन की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिससे रोगियों को एक्स-रे एवं सी0टी0 स्कैन कराने हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है तथा अत्यधिक राशि व्यय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्स-रे एवं सी0टी0 स्कैन मशीन स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल में तय पद के अनुसार चिकित्सकों का पदस्थापना

*483. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों का तय पद के अनुसार अनुपलब्धता के कारण वहाँ के मरीजों को सही ढ़ंग से चिकित्सीय सुविधाएं नहीं उपलब्ध हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अस्पताल में तय पद के अनुसार चिकित्सकों का पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जेनरेटर और इनवर्टर की व्यवस्था

*484. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी सदर अस्पताल में जेनरेटर के ऑटोमेटिक नहीं रहने तथा इनवर्टर नहीं रहने के कारण अचानक बिजली चले जाने पर मोबाइल की रोशनी में ऑपरेशन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, सदर अस्पताल मधुबनी के जेनरेटर को ऑटोमेटिक करने तथा ऑपरेशन थियेटर के लिए इनवर्टर का व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौंदर्यीकरण करवांना

*485. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड-मोहड़ा में तपोवन, धर्म स्थल के नाम से जाना जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तपोवन के कुण्ड में सालों भर जल का धारा प्रवाह होते रहता है एवं बाहरी श्रद्धालु यहाँ स्नान करने के लिए आते हैं, लेकिन श्रद्धालुओं के ठहरने की कोई व्यवस्था सरकार के द्वारा आजतक नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान तपोवन में श्रद्धालुओं के ठहरने एवं इसका सौंदर्यीकरण करवाने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण करना

*486. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत, मनार में क्रियाशील उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन नहीं होने के कारण मनार पंचायत के ग्रामीण जनता को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दाउदनगर जाना पड़ता जिसके कारण लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् उप-केन्द्र की स्थापना करना

*487. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत रोहतास एवं नौहट्टा प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में वर्तमान में सोलर प्लांट द्वारा बिजली की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस प्लांट से पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं होती है, जिससे जनता में असंतोष है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बरसात और जाड़े के दिनों में इस प्लांट के द्वारा बिजली की आपूर्ति लगभग नहीं होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त इलाके में विद्युत् उप-केन्द्र की स्थापना कर बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरण करने के संबंध में

*488. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह में स्वास्थ्य मैनेजर 7 वर्षों से एक स्थान पर पदस्थापित हैं जबकि सरकार के नियमानुसार कोई भी कर्मचारी 3 वर्ष से अधिक एक स्थान पर पदस्थापित नहीं रह सकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य मैनेजर का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अल्ट्रासाउंड मशीन लगाना

*489. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत सी0 एच0 सी0, बहादुरगंज एवं सी0 एच0 सी0 टेढागाछ में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिये मुख्यालय जाना पड़ता है जो निर्धन परिवारों के लिये काफी कठिन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सी0 एच0 सी0 में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना

*490. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर, मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बाँका प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत करमा के वार्ड नं0-05 भतकुण्डी में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत जिला से 12 कि0मी0 दूर है, जिस कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, साथ ही प्रसूती महिलाओं को बरसात के मौसम में घर से 10-12 कि0मी0 दूर जाकर इलाज कराना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के लोगों ने प्रशासन द्वारा लगाए गए शिविर में आवेदन दिया था, जिसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका के पत्रांक 1173, दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 द्वारा जिलाधिकारी बाँका को आवेदन प्रेषित कर सूचित किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली का तार लगवाना

*491. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत पंचायत निकसपुर में तारणी राय के चिमनी के निकट चौर में लरूआ पंचायत, कसराहा ग्राम, फुलचेरिया चौर के मरही स्कूल के निकट तथा ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत सिरसिया चौर में लगभग 200 से ज्यादा पोल का तार चोरों द्वारा एक वर्ष पूर्व में काट दिया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है जिससे उनमें काफी असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थानों पर बिजली का तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण

*492. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान सभा क्षेत्र के बिंद प्रखंड के ग्राम-उतरधू में उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होना है, जिसके लिये दो वर्ष पूर्व ही निविदा निष्पादित हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना

*493. श्री हरिभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड अन्तर्गत खैरी बॉका उत्तरी पंचायत के पुआरी ग्राम वार्ड नं0-09 और वार्ड नं0-10 में 500 उपभोक्ताओं को ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने से लो वोल्टेज बिजली का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ ट्रांसफॉर्मर स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एजेंसी पर कार्रवाई करना

*494. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमरांव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डुमराँव विधान सभा क्षेत्र के केसठ प्रखंड के विभिन्न एजेंसी द्वारा ग्राम-शिवपुर (प0), केसठ महादलित टोला वार्ड 03 सहित जिले के अन्य गाँव में लगायी गयी दो तिहाई सोलर स्ट्रीट लाइट लगभग छह महीने से खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एजेंसियों को सोलर स्ट्रीट लाइट की तकनीकी खराबी, मरम्मती हेतु विभाग द्वारा 72 घंटे का समय निर्धारित है तथा प्रतिदिन जुर्माना वसूलने का प्रावधान किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खराब सोलर स्ट्रीट लाइट की तकनीकि खराबी, मरम्मती ना करने वाले एजेंसी पर कार्रवाई व जुर्माना वसूलने तथा अविलम्ब ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का औचित्य बतलाना

*495. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 839(2), दिनांक 1 जुलाई, 2015 के आलोक में योग्य उम्मीदवार रहने पर अतिरिक्त प्रभार नहीं दिये जाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में कम्युनिटी मेडिसीन विभाग के प्राध्यापक को अतिरिक्त लोक स्वास्थ्य संस्थान (पी0एच0ई0आई0) के निदेशक पद का प्रभार नहीं दिये जाने के प्रावधान के विपरीत दिनांक 29 फरवरी, 2024 को अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का औचित्य क्या है ?

--------

जर्जर तारों को बदलना

*496. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड़ प्रखंड के डमरापुर पंचायत के त्रिलोजपुर बंगाली कॉलोनी के वार्ड नं0 6 में दो दिशाओं से 11000 वोल्ट का तार आकर जुड़ता है, जहाँ तार नीचे लटका है और कई दुर्घटनाएं हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज प्रखंड के भभटा पंचायत के भभटा गाँव के वार्ड नं0 13, में जर्जर तार काफी नीचे लटका हुआ है और वहाँ भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिलोजपुर में 11000 वोल्ट तार को एक तरफ से गुजारने और दोनों जगह जर्जर तारों को बदलने और ऊपर कराने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--(1), (2) एवं (3) स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड प्रखंड के डमरापुर पंचायत त्रिलोजपुर बंगाली कॉलोनी के वार्ड नं0 6 में दो दिशाओं से 11 हजार वोल्ट का तार जुड़ता है। इसमें एक कृषि फीडर एवं एक ग्रामीण फीडर है। ग्रामीण फीडर तथा नरकटियागंज प्रखंड के भभटा पंचायत के भभटा गाँव के वार्ड नं0 13 का तार पुराना है। पुराने तारों को बदलने हेतु सर्वे करा लिया गया है। कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य अगस्त, 2025 है।

--------

ट्रांसफारमर लगवाना

*497. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सिवान)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के सभी प्रखंडों में विद्युत् तार एवं ट्रांसफारमर बिल्कुल जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान एवं बड़हरिया में नंगा तार एवं बहुतेरे 63 के0वी0 के ट्रांसफारमर लगे हुये हैं जिसकी क्षमता उपभोक्ता की संख्या के हिसाब से कम है इस प्रखंड में नंगा तार एवं क्षमता से कम पावर का ट्रांसफारमर लगा हुआ है जिससे जान-माल का खतरा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को हटाकर कवर तार लगाने तथा 63 के0वी0 ट्रांसफारमर के स्थान पर 100 के0वी0 या 200 के0वी0 ट्रांसफारमर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*498. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी विधान सभा क्षेत्र में कवर तार लगाने की जिम्मेवारी कई कंपनियों को बदल-बदल कर दिया जाता रहा है, जिसमें एक कंपनी द्वारा लगाये गये कवर तार को ही दिखाकर दूसरी कंपनी ने भी राशि की निकासी कर ली है तथा अभी भी कई गाँवों में नंगा तार लगा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घोसी प्रखंड के उबेर कुर्मी बिगहा, सोनवां आदि गाँवों में पूर्व में लगायें कवर तार को दिखाकर नई कंपनी ने राशि निकाल लिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किस एजेंसी द्वारा किन-किन गाँवों में कवर तार लगाया गया है इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सको एवं अन्य कर्मियों की संख्या बढ़ाना

*499. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 मई, 2025 को प्रकाशित शीर्षक ''कैसे हो रैबीज का उपचार, अस्पताल में बस एक डॉक्टर, आइसीयू भी नहीं'' को ध्यान के रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के अगमकुआँ, पटना स्थित 50 बेड का इकलौता संक्रामक रोग अस्पताल सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के टिटनेस, रैबीज, डिप्थीरिया, मंकी पाक्स, स्वाइन फ्लू, चेचक, मस्तिष्क ज्वर आदि रोगों के मरीज, चिकित्सकों की कमी के कारण बगैर इलाज कराये ही अस्पताल से लौट जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में संक्रामक रोग से ग्रसित मरीजों के समुचित इलाज के लिए चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*500. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लहलादपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एकमा में मानक के अनुरूप चिकित्सक एवं पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मी नहीं रहने एवं उक्त दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रर्याप्त मात्रा में दवा एवं अन्य संसाधन की कमी के कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी की प्रतिनियुक्ति के साथ अन्य संसाधनों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् अधिष्ठापन कार्य कराना

*501. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में वित्तीय वर्ष 2020-21 से सात निश्चय-2 के तहत कृषि कार्य के लिए विद्युत् अधिष्ठापित कराकर हर खेत को पानी उपलब्ध कराने की योजना कार्यान्वित कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में समाप्त कर शत-प्रतिशत खेतों में जल उपलब्ध कराना था जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 तक मात्र 40 प्रतिशत ही पूरे राज्य में कार्य कराया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना में शिथिलता बरतने वाले कार्यान्वयन एजेंसी पर कार्रवाई के साथ शेष 60 प्रतिशत विद्युत् अधिष्ठापन कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफार्मर स्थानांतरण करना

*502. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के ग्राम-असदनगर, बतरौल, वार्ड 16 नगर परिषद् लालगंज में अरीण कुमार सिंह, पिता स्व0 जगन्नाथ सिंह के घर के दो फीट आगे ट्रांसफार्मर लगा दिया गया जो निजी भूमि है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनी बस्ती के निकट ट्रांसफार्मर रहने से जान-माल के नुकसान होने की संभावना बनी रहती है, जिससे उक्त स्थान के लोग असुरक्षित रहते हैं, जबकि ट्रांसफार्मर से पूरब सरकारी खाली भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफार्मर को सरकारी जमीन में स्थानांतरण कर स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजे की राशि देना

*503. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जगदीश रवानी, पिता स्व0 हृदयानंद राम, ग्राम-पो0 बरिसवन, थाना-प्रखंड-शाहपुर, जिला भोजपुर की मृत्यु दिनांक 22 जनवरी, 2025 को धर्मावती नदी के किनारे सुबह में शौच जाने के क्रम में नदी में पैर फिसल कर डूब जाने के कारण हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित को अभीतक कोई भी मुआवजे की राशि सरकार द्वारा नहीं दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित को मुआवजे की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

हेल्थ वेलनेस सेंटर भवन निर्माण

*504. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बिरनौध एवं जमसी में स्वास्थ्य उप-केंद्र का अपना भवन नहीं है, जिससे ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्रामों में बिहार सरकार की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त दोनों ग्रामों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*505. श्री अख़तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत अमौर प्रखंड के पंचायत ज्ञानडोभ ग्राम-सिमलवाड़ी नगर टोला निवासी श्री महबूब आलम का प्रधानमंत्री आवास पक्का मकान वर्ष 2025 के बाद से कनकई नदी में कटकर विलीन हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन अंचल अधिकारी, अमौर एवं राजस्व कर्मचारी ज्ञानडोभ की मिलीभगत से श्री महबूब आलम का प्रधानमंत्री आवास भवन को पक्का मकान न अंकित कर झोपड़ी अंकित कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आपदा नियमावली के अनुसार पक्के मकान का मुआवजा देने का प्रावधान 1,20,000 रुपया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार श्री महबूब आलम को आपदा नियमावली के अनुरूप मुआवजा एवं पक्का मकान देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ सहायता राशि का अद्यतीकरण कराना

*506. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाढ़ जैसी आपदा आने पर प्रदेश में प्रभावित परिवारों को अंचलावार-सह-वार्डवार सहाय्य राशि के तौर पर रु० 7000 की राशि विभाग द्वारा देय होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहाय्य देय राशि अद्यतीकरण सतत् प्रक्रिया के तहत समयानुसार वर्षवार कराया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अररिया जिला के सभी अंचलों के वार्डवार बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी गई सहायता राशि का इंट्री, अद्यतीकरण एवं डिलीट करने जैसे प्रक्रिया को अपडेट कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थानांतरण करना

*507. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत स्थित मेडिकल कॉलेज, पूर्णियाँ में पोस्टमार्टम केन्द्र बनाया गया है उक्त केन्द्र से सटा हुआ गर्ल्स होस्टल है जहां पोस्टमार्टम का दुर्गन्ध पहुँचता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोस्टमार्टम केन्द्र के बगल में रैन बसेरा भी है जहां यात्री ठहरते हैं एवं पोस्टमार्टम कराने आये व्यक्ति ठहरते हैं जिससे वहां पर काफी शोरगुल भी होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोस्टमार्टम केन्द्र को अन्यत्र स्थानांतरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति के सम्बन्ध में

*508. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिक्रम में सेवा कार्यकाल के दौरान श्रीमती हीरामणी देवी, ANM की मृत्यु दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को हो जाने के पश्चात् आश्रित श्री चितरंजन कुमार मधुप के द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु पत्रांक 377, दिनांक 25 मई, 2024 को आवेदन दिया गया है, परन्तु सिविल सर्जन, पटना के द्वारा अभीतक मन्तव्य नहीं दिये जाने के कारण श्री मधुप की अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक श्री मधुप की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*509. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सैदपुर प्रखंड के मानिक चौक दक्षिणी पंचायत के ग्राम-धगजरी में पंचायत सरकार भवन के बगल में नलकूप के पास गाढ़ा पंचायत के वार्ड संख्या 09 पेट्रॉल पम्प के पीछे अमरेन्द्र सिंह बोरिंग के पास एवं महेशाफरकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 लखनिया टोला में ट्रांसफॉर्मर नहीं होने से किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली की समस्या होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सैदपुर प्रखंड के उपर्युक्त स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परीक्षा आयोजित करना

*510. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसडा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में एम०एस०सी० नर्सिंग पाठ्यक्रम का सत्र 2023-25 एवं 2024-26 में नामांकित छात्र एवं छात्राओं का प्रथम वर्ष का परीक्षा अभीतक आयोजित नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त सत्र में नामांकित छात्र एवं छात्राओं में काफी आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विश्वविद्यालय में एम०एस०सी० नर्सिंग में नामांकित छात्र एवं छात्राओं के प्रथम वर्ष का परीक्षा आयोजित करवाकर सत्र को अपडेट कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*511. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों के 32 स्वीकृत पदों के आलोक में वर्तमान में मात्र 16 चिकित्सक ही पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी की वजह से वहां इलाज कराने वाली गरीब जनता का समुचित इलाज नहीं हो पाता है और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों के कुल स्वीकृत पदों पर तत्काल प्रभाव से पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा राशि देना

*512. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खुशनुद, पिता मो० असलम, पता ग्राम बसंतपुर थाना अररिया, पो०-बैरगाछी जिला-अररिया की मृत्यु दिनांक 17 सितम्बर, 2024 को नदी में डूबने से हो गयी तथा जिनका पोस्टमोर्टम भी सौंपा जा चुका है, परंतु अबतक उसके आश्रितों को 4 लाख मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*513. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी पंचायत के सिगोड़ी गाँव में 15,000 से अधिक की आबादी निवास करती है तथा यह आस-पास के दर्जनों गाँवों का केन्द्र है, इसके बावजूद वहां के स्वास्थ्य उप-केन्द्र जर्जर अवस्था में है और आमजनता स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी गांव में कबतक एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तकनीकी दोष दूर करना

*514. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत हाँसा के वार्ड नं०-2, ग्राम-लक्ष्मीपुर में बिरेन्द्र मंडल के खेत के पास कृषि कार्य पटवन के लिये लगे ट्रांसफॉर्मर में तेल आदि नहीं रहने के तकनीकी कारणों से दिसम्बर, 2024 से बिजली नहीं मिल रहा है जिससे आस-पास के किसानों को बिजली के अभाव में खेतों में पटवन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उल्लिखित स्थल पर लगे ट्रांसफॉर्मर का तकनीकी दोष दूर कर निर्बाध विद्युत् आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटकीय स्थल विकसित करना

*515. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत टिकारी का किला, राजा का पुराना पंचदेवता घाट, फतेहपुर विशाल मंदिर और कोंच का धरहरा मठ, काबरगढ़, मोकग्राम में माता बागेश्वरी मंदिर पर्यटकीय स्थल होते हुये भी उपेक्षित और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार टिकारी और कोंच प्रखंडों के उपर्युक्त वर्णित ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*516. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड के ग्राम-बहेरी एवं करगहर में पश्चिमी भाग में विद्युत् उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के चलते गाँव में लगा हुआ है 63 Kv का ट्रांसफॉर्मर अक्सर अत्यधिक लोड के कारण जल जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कोचस के ग्राम-बीसोपुर एवं ग्राम-देल्हुआँ में भी लो वोल्टेज की समस्या रहने के कारण ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-करगहर के पश्चिमी भाग में 63 Kv के जगह पर 100 Kv का ट्रांसफॉर्मर एवं ग्राम-बहेरी में एक अतिरिक्त 63 Kv का ट्रांसफॉर्मर तथा कोचस प्रखंड के ग्राम-बीसोपुर एवं ग्राम-देल्हुआँ में एक-एक 63 Kv का अतिक्ति ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थानांतरण करना

*517. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक 999(4), दिनांक 19 जून, 2025 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के लिपिक का पद राज्य सम्वर्गीय एवं राज्यस्तरीय कर दिया गया है जिस कारण गृह जिला में पदस्थापन नहीं हो सकेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित लिपिक श्री मुरारी लाल कर्ण, श्री मनिभूषण शरण एवं मो० अहिया कई वर्षों से गृह जिला में ही पदस्थापित हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार, पटना, के पत्रांक 348(4), दिनांक 3 मार्च, 2025 के द्वारा उक्त लिपिकों का स्थानांतरण आदेश दिया गया था परंतु सिविल सर्जन, सीतामढ़ी द्वारा उक्त लिपिकों को उनके पदस्थापित भवन में ही अन्य संचालित कार्यालय में पदस्थापित कर दिया गया है ;

(4) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त लिपिकों को कबतक अंतर जिला स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुलभ चिकित्सा बहाल करना

*518. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, धनगाई से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का अपना भवन नहीं है तथा यह अस्पताल लैब से संचालित हो रहा है, जबकि बिक्रमगंज अनुमंडल का बड़ा अस्पताल है, साथ ही इसमें 8 प्रखंडों के रोगी चिकित्सा आदि कराने आते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि अस्पताल में सर्जन एवं रेडियोलॉजिस्ट का भी पदस्थापन नहीं है, जिस कारणवश यहाँ अल्ट्रासाण्डड भी नहीं होता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल का भवन निर्माण कार्य सहित सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट को पदस्थापित कर अल्ट्रासाण्डड चालू कराते हुये सुलभ चिकित्सा बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जानमाल की क्षति रोकना

*519. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के कर्पूरी चौक से मढ़िया चौक तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के दोनों किनारे पोल गाड़कर ग्यारह हजार हाईटेंशन बिजली का नंगा तार लगा दिया गया है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने के कारण जानमाल की क्षति हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार जानमाल की क्षति रोकने के लिये कौन-सा उपाय कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कर्पूरी चौक से मढ़िया चौक तक लगभग 8 कि०मी० की दूरी में 300 मीटर सघन आबादी का क्षेत्र है, जिसमें केबल लगा है एवं शेष क्षेत्र में नंगे तार लगा हुआ है, जो सुदृढ़ अवस्था में है।

विदित हो कि 11 के०वी० बासोपट्टी फीडर के मढ़िया ब्रांच से पंचायत घोडबंकी, मढ़िया, विरपुर एवं हत्थापुर परसा में विद्युत् की आपूर्ति हो रही थी। इन सभी पंचायत के ग्रामीणों को उक्त फीडर से लगभग 15-16 घंटा ही बिजली की आपूर्ति हो पाती थी। इससे इन सभी पंचायतों के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान रहते थे। इस समस्या के समाधान हेतु RDSS योजना अन्तर्गत Feeder Bifurcation का कार्य किया गया है, जिससे वर्तमान में बासोपट्टी बाजार फीडर में औसतन 22-23 घंटा बिजली मिल रही है साथ ही मढ़िया फीडर में भी औसतन 20-21 घंटा बिजली की आपूर्ति होने लगी है। 11 के०वी० मढ़िया फीडर जो Feeder Bifurcation के अतर्गत बनाया गया है वह नया कार्य है एवं दुरूस्त अवस्था में है। वर्तमान में उक्त क्षेत्रों में विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

-------------

अनुदान राशि का भुगतान कराना

*520. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के खैरखा पंचायत के वार्ड 10 निवासी श्री सन्नी कुमार, पिता-श्री संजय मण्डल की मृत्यु 31 अगस्त, 2024 को सुरहा धार में डूबने के कारण हुयी थी, मृत्यु उपरांत सभी जरूरी कागजात मुआवजा हेतु विभाग को समर्पित होने के उपरांत अभीतक अनुदान राशि का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के परिजन को अनुदान राशि आपदा भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा की राशि भुगतान करना

*521. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़, कैमूर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ विधान सभा के अंचल-नुआँव अन्तर्गत ग्राम+पोस्ट-तरैथा, थाना-रामगढ़ के शिवमूरत बिन्द, पिता-स्व० सुदर्शन बिन्द को दिनांक 11 नवम्बर, 2024 की सर्प काटने से मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा प्रदत्त 04 लाख का मुआवजा की राशि आजतक नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार के लिये प्रदत्त 04 लाख मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*522. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजा पाकर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में राजा पाकर प्रखण्ड अंतर्गत एन०एच० 322 पर स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चकसिकंदर शाम 04 बजे के बाद चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के चले जाने के बाद बंद हो जाता है, जिससे स्थानीय जनता और राहगीरों को शाम 4 बजे के बाद स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एन०एच० 322 पर स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, चकसिकंदर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति 24 घंटे सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करना

*523. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा, सुपौल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत परसामाधो होकर एन०एच० 27 गुजरता है, जिससे कोशी महासेतु और टॉल प्लाजा आस-पास रहने से एन०एच० पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है किन्तु अगल-बगल बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानी उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एन०एच० 27 के निकट परसामाधो पंचायत के ग्राम लक्ष्मिनियां वार्ड नं० 5 नव दुर्गा स्थान के पास एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल-जमाव से निजात

*524. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में बरसात के दिनों में भारी जल-जमाव होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में इलाज के लिये आये लोगों एवं उनके परिजनों को जल-जमाव के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जल-जमाव से निजात पाने के लिये सरकार जनहित में कबतक अनुमंडलीय अस्पताल में मिट्टी भराई/उच्चीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली उपलब्ध कराना

*525. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के 50 प्रतिशत किसानों को ही अभीतक कृषि हेतु बिजली उपलब्ध कराया गया है, जिससे शेष किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी किसानों को कृषि हेतु बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सौंदर्यीकरण करना

*526. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियां)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां सिटी स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधा विकसित करने संबंधी वांछित निर्देश के साथ विभागीय पत्र पत्रांक 2479, दिनांक 29 नवम्बर, 2024 द्वारा जिला पदाधिकारी, पूर्णियां को दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में प्रतिवर्ष उड़ीसा के पूरी जगन्नाथ धाम के तर्ज पर लगभग 20 कि०मी० लंबी रथ यात्रा श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता के साथ निकाली जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियां सिटी स्थित उक्त प्राचीन जगन्नाथ मंदिर के संरक्षण, जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटकीय सुविधा विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

एस०टी० लाइन में केबुल तार लगाना

*527. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फुलवारीशरीफ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड फुलवारीशरीफ और पुनपुन में ट्रांसफॉर्मर तक एस०टी० 11000 लाइन तार गया हुआ है जो नंगा है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रखंड के सभी गांवों तक एस०टी० लाइन में केबुल तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पावर ग्रीड निर्माण करना

*528. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के लखौरा तथा बंजरिया प्रखंड के पचरूखा में पावर ग्रीड अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पावर ग्रीड के बीच की दूरी काफी अत्यधिक है जिससे विद्युत् आपूर्ति में हमेशा बाधा उत्पन्न होती रहती है तथा कार्य क्षेत्र लंबा होने के कारण कार्यों का निष्पादन भी विभागीय कर्मियों द्वारा सुचारू रूप से नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंजरिया प्रखंड के ग्राम-जटवा में पावर ग्रीड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*529. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-- .

(1) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, शेखपुरा में सिविल सर्जन की निगरानी में आपदा के तहत मिलने वाली (सड़क दुर्घटना, डूबना इत्यादि) राशि में मरीजों के परिजन को जानबुझकर भर्ती वाली पुर्जा के विचारित पोस्टमार्टम रिर्पोट में गलत नाम दिया जाता है जिससे मरीज के परिजन को अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 03 जून, 2025 को सड़क दुर्घटना के क्रम में सदर अस्पताल, शेखपुरा में भर्ती पूर्जा क्रमांक 6936/E, Riyansh Kumar, उम्र 6 माह की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी एवं उक्त तिथि को ही बच्चे का नाम प्रियांश कुमार लिखकर पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, शेखपुरा में ऐसे अन्य मामलों को संज्ञान में लेकर अनियमितता की जाँच का कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मानव बल की नियुक्ति करना

*530. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत शहजादपुर पंचायत के सभी गाँवों के बिजली का तार जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में बिजली सुल्तानगंज से आती है तथ विद्युत् आपूर्ति में जब बाधा होती है तो वहाँ के उपभोक्ता को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वहाँ मानव बल की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नियुक्ति करना

*531. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ANM की बहाली के लिए BTSC में विज्ञापन सं० 7/2022 में नियम 2018 के तहत 15 सितम्बर, 2022 तक एवं संशोधित नियमावली 2023 के तहत दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 तक आवेदन लिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि BTSC के विज्ञापन संशोधित पत्रांक 2591, दिनांक 19 सितम्बर, 2023 की कंडिका D (iv) के अनुसार आरक्षण हेतु प्रमाण-पत्र दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 तक निर्गत होने पर ही मान्य किया जाएगा, जिससे हजारों की संख्या में अभ्यर्थी जिन्होंने 2022 में आवेदन किया, जिनके पास दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 से पूर्व का निर्गत EBC NCL प्रमाण-पत्र था उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया जिससे EBC वर्ग में 982 सीट खाली रह गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2022 में आवेदन करने वाले EBC वर्ग के अभ्यर्थियों जिनके पास दिनांक 06 अक्टूबर, 2023 से पूर्व का EBC NCL प्रमाण-पत्र है, को आरक्षण का लाभ देकर नियुक्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य करना

*532. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोटवा में गोपी छपरा पंचायत के श्री राधा कृष्ण मंदिर (गोपी छपरा मठ) एक अत्यन्त प्राचीन एवं विशाल भू-खण्डों का स्वामित्वधारी है जो जीर्ण-शीर्ण है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान का सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भोजन की व्यवस्था सुदृढ़ करना

*533. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए भोजनादि की व्यवस्था करवाई गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चयनित एजेंसियों के माध्यम से ही यह कार्य करवाया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि चयनित एजेंसियों का कार्य उत्तम नहीं होने की वजह लौरिया रेफरल अस्पताल एवं योगापट्टी PHC सहित बहुत से अस्पतालों में भोजन की व्यवस्था बंद है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस कार्य के लिए जीविका दीदियों को इसका उत्तरदायित्व देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करना

*534. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तेतरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मूर्छा विभाग (ऐनस्थीसिया), सर्जरी विभाग के चिकित्सक नहीं है जिससे आमजनों को इलाज कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तेतरिया में उक्त विभागों के चिकित्सकों का प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा दिलाना

*535. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 बिभूतिपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा सर्पदंश से हुई मौत पर मृतक के परिवारों को पाँच लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, समस्तीपुर के ज्ञापांक 258, दिनांक 05 मार्च, 2025 द्वारा सर्पदंश में हुए मृत्यु की सूची अपर समहर्ता, आपदा प्रबंधन विभाग, समस्तीपुर को भेजी गई है जिसमें मृतकों की वर्षवार संख्या 2022 में 17, 2023 में 22 एवं 2024 में 24 है। इस प्रकार कुल 63 में से केवल 7 का ही Final Opinion दी गई है तथा शेष का एफ०एस०एल० रिर्पोट लम्बित है जिसके कारण सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिलने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एफ०एस०एल० रिर्पोट उपलब्ध कराकर उक्त सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई

*536. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बैसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के ताराबाड़ी पंचायत के ताराबाड़ी ग्राम-चोपड़ा के सिमलबाड़ी ग्राम-खपड़ा पंचायत के मथुरापुर ग्राम एवं सुगवा महानंदपुर पंचायत के बागडोर ग्राम में जर्जर तार से विद्युत् आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर तार से विद्युत् सप्लाई होने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है तथा बिजली भी अधिक कटता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर जर्जर तार को हटाकर नए पोल एवं नया बिजली का तार लगाकर निर्बाध बिजली सप्लाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

राजकीय मेले का दर्जा देना

*537. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में महुआ धाम का मेला काफी प्रसिद्ध है, जहाँ माँ शक्तिपीठ का मंदिर है और वहाँ भक्तों की भीड़ लगी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मेला को राजकीय मेला का दर्जा देते हुए वहाँ पर्यटकीय सुविधायें विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पक्का नाला का निर्माण करना

*538. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के कारा पंचायत के वार्ड संख्या 9, 8, 7, 6 एवं 5 रसूलबाग एवं कारा गाँव में घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला नहीं होने के कारण घनी आबादी के बीचो-बीच जल-जमाव रहता है एवं खेती बाधित होती है जिसके कारण गाँव मे हमेशा विवाद एवं अशांति का महौल रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कारा पंचायत के वार्ड संख्या 9, 8, 7, 6 एवं 5 कारा व रसूलबाग गाँव में योजना एवं विकास विभाग द्वारा सर्वेक्षण कराकर घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विकास कार्य कराना

*539. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखण्ड में अतिपौराणिक पहाड़ के तलहट्टी में अवस्थित भगवान शिव जी के मंदिर महादेव खोह में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं, किन्तु उक्त स्थल पर इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु के लिए कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महादेव खोह में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही यहाँ विकास कार्य कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटन स्थल विकसित करना

*540. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मीरपुर पंचायत के महरीधाम तथा देवहरा पंचायत का भृगुरारी मंदिर काफी प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ हजारों श्रद्धालु सालों भर आते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार इस मंदिर को पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित कराकर इसका सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

*541. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत विद्युत् अवर प्रमंडल, बहादुरगंज में विद्युत् आपूर्ति चरमरा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुंदा-बुंदी वर्षा उपरांत हमेशा 10 से 12 घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर जल जाने अथवा खराब हो जाने की स्थिति में एक-एक हफ्ता तक ट्रांसफॉर्मर बदला नहीं जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उचित व्यवस्था कर नियमित बिजली बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवहार न्यायालय का निर्माण करना

*542. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी में व्यवहार न्यायालय का निर्माण कराने की स्वीकृति एक वर्ष पूर्व दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शाहपुर पटोरी स्थित अनुमंडल कार्यालय के बगल में कृषि फार्म की खाली भूमि अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल कार्यालय, शाहपुर पटोरी के बगल में कृषि फार्म की स्थली जमीन पर व्यवहार न्यायालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*543. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के धजवा पंचायत के वार्ड नं० 11 दलित टोला आदि वार्डों में कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगाने के कारण आये दिन लो वोल्टेज, फ्यूज उड़ने आदि की समस्या बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के धजवा पंचायत के वार्ड नं० 11 दलित टोला आदि में विद्युत् आपूर्ति 1x100 के०भी०ए० के ट्रांसफॉर्मर से की जा रही है। वर्तमान में लो भोल्टेज की समस्या नहीं है।

-------------

ICU की व्यवस्था

*544. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बकसर सदर अस्पताल और डुमराँव अनुमण्डल अस्पताल में ICU की सुविधा नहीं है तथा निकटतम उच्च संस्थान लगभग 150 कि०मी० दूर है, जिससे आपातकालीन स्थिति में या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मृत्यु, ICU के अभाव में रास्ते में ही हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमराँव मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निर्माण में डिजाईन एवं अन्य तकनीकी स्वीकृति के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आपातकालीन स्थिति में जीवनरक्षा के लिए सदर एवं अनुमण्डल अस्पताल में ICU की व्यवस्था करने तथा मेडिकल कॉलेज को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सहायता राशि देना

*545. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में आपदा व दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 5 लाख रुपया सरकारी सहायता राशि दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के करोड़ों प्रवासी मजदूर देश व विदेश में काम करते हैं जहां आपदा या कई तरह की दुर्घटनाओं में प्रवासी बिहारी मजदूरों की मौत हो जाने पर डेड बॉडी को घर तक लाने और उनके परिजनों को राज्य में आपदा या दुर्घटना में घटित घटनाओं की तरह कोई सहायता राशि नहीं दी जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार से बाहर मृत बिहारी मजदूरों को भी बिहार में घटित आपदा या दुर्घटना की तरह सहायता राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

भवन निर्माण

*546. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लखावर का भवन निर्माण जमीन की उपलब्धता के बावजूद नहीं हुआ है और केन्द्र का संचालन उप-स्वास्थ्य केन्द्र की छोटी सी भवन में चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों है ?

--------------

पटना :
दिनांक 25 जुलाई, 2025 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

बि०स०मु० 21 (एल०ए०) 2025-26 डी०टी०पी० 550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025